न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 578 सन 2019

अनवान :–

1. रामलाल पुत्र हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ

वादी

बनाम

1. हजारी पुत्र सुखा जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. देवीलाल पुत्र हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. सावत्री पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. विधा पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
5. राममुर्ति पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
6. गुडडी पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
7. कमला पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
8. बिमला पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।
10. ऑरियन्टल बैक ऑफ कॉमर्स शाखा नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थित : श्री हवासिह पूनिया अधिवक्ता अधिवक्ता वादी

निर्णय दिनांक :– 21/01/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यूडी बी के प0न0 238/404(9) किला न0 15 ता 25/2.7830हैक्ट , प0न0 237/404(10) के किला न0 16 ता 18 ,20 ता 25/2.2770हैक्ट , प0न0 235/409(66) किला न0 25/0.2530 ,प0न0 236/409(67) किला न0 15 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 ,24/2 ,25/2 ,की 2.6570हैक्ट , प0न0 237/409(68) किला न0 6 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 24/2 ,25/2 की 4.9340हैक कुल तादादी 12.9040हैक भूमि के वादी एव प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार है। एवं रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यू डी सी के प0न0 235/410(13) किला न0 5/0.2530 ,प0न0 236/410(14) किला न0 1/0.2530 ,प0न0 237/410(15) किला न0 3/0.253 ,4/0.253 ,कुल 1.265हैक्टभूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 8 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 की शादी हो चुकी है एवं प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,2 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,2 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ने अन्य भूमि रख कर वाद भूमि में अपने हक हिस्सा का त्याग किया जा चुका इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 स्वय न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता सुखा पुत्र साबु के देहान्त होने पर विरास्तन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 ,जो वादी की बहन एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाईयों वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है एवं प्रतिवादी संख्या 1 ने भी निवेदन किया की उसने भी वाद भूमि में अपने हकों का त्याग कर चक 20 आरडब्यूसी की भूमि रख ली है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। ईकबाल दावा तस्दीक किया जाकर शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 9 पेरोकार राज ने जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यूडी बी की कुल तादादी 12.9040हैक भूमि के वादी एव प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार है। एवं रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यू डी सी के प0न0 235/410(13) किला न0 5/0.2530 ,प0न0 236/410(14) किला न0 1/0.2530 ,प0न0 237/410(15) किला न0 3/0.253 ,4/0.253 ,कुल 1.265हैक्टभूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा सुखा पुत्र साबु के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 8 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 की शादी हो चुकी है एवं प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,2 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,2 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ने अन्य भूमि रख कर वाद भूमि में अपने हक हिस्सा का त्याग किया जा चुका इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मोजा चक 20 आरडब्ल्यूडी बी की कुल तादादी 12.9040हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर

सजरा खानदान एवं जमाबन्दी सम्वत 2001 के अनुसार वाद भूमि सुखा वल्द साबु के नाम **से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी** के दादा सुखा वल्द साबु के नाम से दर्ज है वादी के **दादा सुखा वल्द साबु के देहान्त होने** के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरास्तन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 बहिब के हकदार है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 1 ,3 ता 8 जो वादी की बहने है ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 स्वय न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है एवं वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,2 ने आपसी सहमति से वाद भूमि का बाहमी बटवारा कर लिया है उसी के अनुसार काश्त करते है राजीनामा के अनुसार भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के सामर्थन में ईकबाल भी पेश किया जा चुका है जो तस्दीक किया जाकर शमिल मिसल किया जा चुका है तथा प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने पर एक प्रस्तुत न्यायायिक दृष्टान्त प्रकरण में पूर्णरूप से चस्पा होती है अतः वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यूडी बी के प0न0 238/404(9) किला न0 15 ता 25/2.7830हैक्ट , प0न0 237/404(10) के किला न0 16 ता 18 ,20 ता 25/2.2770हैक्ट , प0न0 235/409(66) किला न0 25/0.2530 ,प0न0 236/409(67) किला न0 15 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 ,24/2 ,25/2 ,की 2.6570हैक्ट , प0न0 237/409(68) किला न0 6 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 24/2 ,25/2 की 4.9340हैक कुल तादादी 12.9040हैक भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है में से 5.009 हैक भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम रहेगी तथा 7.895हैक भूमि के वादी व प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 21/01/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

पर्चा डिक्री

(आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. रामलाल पुत्र हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ

वादी

बनाम

1. हजारी पुत्र सुखा जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. देवीलाल पुत्र हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. सावत्री पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. विधा पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
5. राममुर्ति पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
6. गुडडी पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
7. कमला पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
8. बिमला पुत्री हजारी जाति जाट साकिन टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।
10. ऑरियन्टल बैक ऑफ कॉमर्स शाखा नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 578 सन 2019 निर्णय दिनांक– २१/१/२०२०

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 20 आरडब्ल्यूडी बी के प0न0 238/404(9) किला न0 15 ता 25/2.7830हैक्ट , प0न0 237/404(10) के किला न0 16 ता 18 ,20 ता 25/2.2770हैक्ट , प0न0 235/409(66) किला न0 25/0.2530 ,प0न0 236/409(67) किला न0 15 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 ,24/2 ,25/2 ,की 2.6570हैक्ट , प0न0 237/409(68) किला न0 6 ता 20 ,21/2 ,22/2 ,23/2 24/2 ,25/2 की 4.9340हैक कुल तादादी 12.9040हैक भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है में से 5.009 हैक भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम रहेगी एवं 7.895हैक भूमि वादी व प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाता है तथा चक 20 आरडब्ल्यू सी की कुल 1.2650हैक भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम यथावत रहेगी इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक २१/१/२०२० को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)